तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



15 बागबाहरा में 124 छात्राओं को बांटी गई साइकिल





16 17 दावेदारों ने ब्लॉक अध्यक्ष बनने ठोंकी ताल, कोमाखान में कांग्रेस का बड़ा मंथन




## खबर संक्षेप

### सुखीपाली में बेटे ने की पिता के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पिता के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ईश्वर राणा निवासी ग्राम सुखीपाली ने बताया कि सगे भाई एवं बड़े पिताजी का देहांत हो जा जाने से तीज कार्यक्रम के लिए सामान खरीदकर लाया था। जिसे 15 सितंबर की शाम करीबन 7 बजे पत्नी उत्तरा राणा के साथ कहासुनी हो गई। जिसे सुनकर मेरे बेटे मुकेश राणा ने मेरी मां को चिल्ला रहे हो कहकर गाली गलौज करते पास में पड़े डंडे को उठाकर सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** बुजुर्ग से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जधुरस चौहान पिता तिलराम चौहान (65 साल) तिलंजनपुर ने बताया कि उसका लड़का शिवलाल शराब पीकर घर में वाद विवाद करता रहता है, जिससे परिवार परेशान है। 15 सितंबर की रात करीब 8 बजे शराब पीकर आकर विवाद करने लगा, जिसे मना किया और समझाया। लेकिन, वह नाराज होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मूर्ति स्थापना के साथ आज धूमधाम से मनाई जाएगी विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में आज धूमधाम से भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाएगी। इसे विश्वकर्मा पूजा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन निर्माण के कार्य में उपयोग होने वाले सभी औजारों की पूजा होती है। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर विधि-विधान से पूजा करने पर विशेष फल की प्राप्ति होती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान विश्वकर्मा खुश होते हैं, तो व्यवसाय में बड़ा लाभ मिलता है। भगवान विश्वकर्मा पूरी सृष्टि के निर्माणकर्ता के रूप में माने जाते हैं। हिंदू धर्म में भगवान विश्वकर्मा को यांत्रिकी, वास्तुकला विज्ञान और ब्रह्मांड के शिल्पकार रूप में पूजा जाता है। वहीं शिल्पकारों द्वारा भगवान विश्वकर्मा को संरक्षक देवता के रूप में पूजा जाता है। यही कारण है कि विश्वकर्मा पूजा के दिन शिल्पकार और व्यापारी अपने व्यापारिक यंत्रों की भी पूजा-अर्चना भी करते हैं। ऐसा माना जाता है कि विश्वकर्मा ने सृष्टि-सृजन के कार्य में भगवान ब्रह्मा की मदद करने हेतु संसार के मानचित्र की रचना की थी। कहते हैं जो भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान पूजा करता है, उसे सफलता मिलती है।

## निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सभी औजारों की होगी पूजा, होंगे विविध आयोजन

### इस दिन मनाई जाती है विश्वकर्मा पूजा

वैदिक पंचांग के अनुसार, यह पर्व हर साल सूर्य देव के कन्या राशि में गोचर करने की तिथि पर मनाया जाता है। आसान शब्दों में कहें तो कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर भव्य पूजा की जाती है।



### अपना मार्केट में होगी मूर्ति स्थापना

चोवाराम साहू मेशन मजदूर संघ के सभापति ने बताया है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेशन मजदूर संघ महासमुंद (मेशन, प्लंबर, टाईल्स, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर) द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती उत्सव का आयोजन अपना मार्केट में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे एवं संध्या भजन कार्यक्रम में जय कपीश मानस परिवार की प्रस्तुति होगी।

## आक्रोश : अवैध शराब से गांव का माहौल हो रहा खराब

# महिलाओं ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में अवैध शराब बिक्री को लेकर महिलाएं आए दिन प्रदर्शन कर रही हैं। कभी कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दे रही हैं, तो कभी जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की जा रही हैं, या कभी खुद ही अवैध शराब पकड़कर पुलिस को सौंपने जैसी स्थिति भी है। हैरानी की बात यह है कि इन सबके बावजूद भी जिम्मेदार आबकारी विभाग सक्रिय नहीं हो रहा है। नाममात्र कार्रवाई कर औपचारिकता निभाई जा रही है।

मंगलवार को बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम लमकेनी की महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की। समाज सेवी संस्था सदस्य देवंतीन ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम लमकेनी के महिलाए कलेक्ट्रेट पहुंची। महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांव में कुछ लोग अवैध शराब का बिक्री कर रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि अवैध बिक्री की वजह से गांव के पुरुष अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विरोध करने पर गाली-गलौच और मारपीट की धमकी दी जाती है। ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई कर गांव में शांति बहाल की जाए।

### गांव के नाली एवं रास्ते को अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई करने की गई मांग

**महासमुंद।** जिला के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ईपाली में रोड एवं नाली से अवैध कब्जा हटाने की मांग ग्रामीण महिलाओं ने कलेक्टर से की है।



मंगलवार को जनदर्शन के दौरान कलेक्टर कार्यालय में एकत्रित ग्रामीण महिलाओं ने आवेदन कर इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। चैतीबाई, शांतिलता, ताराबती, कुमारी, हेमलता, पिंकीबाई, अहिल्या, डिगेश्वरी ने बताया है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा रोड एवं नाली पर अवैध तरीके से बेजा कब्जा किया जा रहा है जिस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव और सरपंच द्वारा बैठक लेकर तथा मौखिक तरीके से बेचा कब्जा हटाने कहा गया था, किंतु उक्त लोगों द्वारा मनमानी करते हुए गांव के ही रोड एवं नाली पर अवैध तरीके से मकान बनाकर तथा कब्जा किया जा रहा है। कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम बढ़ईपाली के महिलाओं ने अवैध बेजा कब्जा करने वालों पर कार्रवाई करने तथा बेजा कब्जा हटाने की मांग कलेक्टर से की गई है।

## ठेले में गांजा बिक्री कर रहे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बिरकोनी में ठेले में गांजा बेच रहे एक व्यक्ति के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम बिरकोनी में श्याम धर्मकांटा के सामने एक व्यक्ति अपने ठेला में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। इस सूचना के बाद उक्त स्थल पर पहुंची पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम हीरामन निषाद पिता कलीराम निषाद (उम्र 31 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 20 एचपी पेट्रोल पंप के पीछे बिरकोनी होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 465 ग्राम, कीमत लगभग 5000 रुपए और नगद 360 रुपए बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 20 (ख)(II)(अ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## निराश्रित पेंशन नहीं मिलने से बुजुर्ग और विधवा महिलाओं की बढ़ी परेशानी, कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में निराश्रित पेंशन योजना का बुरा हाल है। नियमित पेंशन नहीं मिलने की लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद जमीनी स्तर पर समस्याएं कम नही हो रही। इसके चलते बुजुर्गों को पेंशन के लिए कलेक्टोरेट तक का सफर केवल शिकायत करने के लिए करना पड़ रहा है। कर से बुजुर्ग और विधवा महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पेंशन की मांग को लेकर शिकायत करने पहुंच रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के ग्राम पंचायत झलप का सामने आया है। यहां 35 से ज्यादा महिलाओं को पिछले 10 माह से पेंशन नहीं मिला है। मामले में हितग्राही जनमत, गुड्डी, बहुरा, चैनी बाई, गीता ध्रुव, सुमारिन का कहना है कि सचिव ने पिछले 10 महीने से उन्हें पेंशन नहीं दिया है। इस कारण वे अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची हैं। महिलाओं का कहना है कि सचिव एवं सरपंच के पास जाने पर वे पैसा आने पर देने की बात कहकर उन्हें लौटा देते हैं। पेंशन नहीं मिलने से उन पर आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगे हैं। घर में कुछ बनाने के लिए राशन नहीं आ पा रहा है। लिहाजा, ऐसे में दो वक्त की रोटी के लिए वे मोहताज हो गए हैं। निराश्रित और विधवा पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही बेहद परेशान हैं। ऐसे में अपनी समस्या दूर करने के लिए ये महिलाएं किसी तरह कलेक्टर से मदद की गुहार लगाने पहुंची।

### जल्द मिलेगी बैंक खातों में पेंशन राशि

मामले को लेकर सरपंच डॉ. राकेश साहू ने बताया कि 32 लोगों की राशि बैंक में नहीं जा पा रही है, और कुछ और लोगों की यह समस्या पूर्व कार्यकाल का मामला है। जानकारी होने के बाद डीबीटी के लिए जिला पंचायत में कागजात जमा कर दिए गए हैं। कुछ लोगों के कागजात अब तक नहीं मिल पाए हैं। जल्द ही सभी के बैंक खातों में पेंशन राशि पहुंचेगी। पूर्व कार्यकाल के ऐसे प्रकरणों की जानकारी सरपंच को नहीं मिली है।




## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कक्षा 12वीं के छात्र प्रेमलाल पिता बिसौहा राम एवं भूपेंद्र साहू पिता मोहनलाल साहू ने 9 से 12 सितंबर तक आयोजित 25वें राज्य स्तरीय स्कूल खेल 2025-26 में अंडर 19 प्रतियोगिता राजनांदगांव में सम्मिलित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागी बने। संस्था में दोनों छात्रों का सम्मान किया गया। इस दौरान प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उप प्राचार्य चमन लाल चंद्राकर, वरिष्ठ व्याख्याता एमडी वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। यह जानकारी खेल शिक्षक अंजनि साहू ने दी है।

### संयंत्रों को पानी देने के विरोध में बैठक आज



**महासमुंद।** समोदा बैराज से पिकाडिली शराब फैक्ट्री तथा गोपालपुर एनीकेट के माध्यम से कोड़ार बांध का पानी का करनी कृपा संयंत्र को दिए जाने से आक्रोशित क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक तुमगांव स्थित मां कर्मा सदन में 17 सितंबर को सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। जिसमें पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में क्षेत्र के किसान, वरिष्ठ जन तथा समोदा अछोला जल प्रदाय योजना के तहत जल वितरण के लिए प्रस्तावित ग्रामों के ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।



### वृंदावन विद्यालय के छात्र दीपांशु सिदार का प्रयास विद्यालय में चयन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन में अध्ययनरत कक्षा नवमीं के छात्र दीपांशु सिदार पिता कृपाल सिंह सिदार का प्रयास विद्यालय बिलासपुर (छग) के लिए चयन हुआ है। यह परीक्षा जून 2025 को आयोजित हुई थी। इस उपलब्धि से पूरा शाला परिवार गौरवांवित है। शाला के संचालक एमआर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा साहू समेत सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### मंगलू ढीमर को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** गंधेश्वनाथ महादेव ट्रस्ट सिरपुर के ट्रस्टी मंगलूराम ढीमर के निधन पर ट्रस्ट कमेटी द्वारा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि उनके निधन से ट्रस्ट कमेटी को अपुरणीय क्षति हुई है। ट्रस्टीगण शशि शर्मा, मोहन वर्मा, विनोद चंद्राकर, जयंत गोयल, सुखीराम हिरवानी, बाबूलाल ध्रुव, अमन गिरी गोस्वामी, राकेश अग्रवाल, रामसेवक माली, शिवशंकर अग्रवाल, थनवार यादव, दीपक चंद्राकर ने कहा कि उन्होंने ट्रस्ट कमेटी की विषम परिस्थितियों में लंबे समय तक सेवा की है, जिसे नहीं भुलाया जा सकता।

### कलेक्टर परिसर में होगा छायाचित्र प्रदर्शनी आज

**महासमुंद।** आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा तथा विकसित भारत पर आधारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा 17 सितम्बर को कलेक्टर परिसर में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उक्त प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन की झलकियां एवं उनके द्वारा राज्य को विकास कार्यों के माध्यम से मिली सौगात तथा विकसित भारत की संकल्पना प्रदर्शित की जाएगी।

# सराईपाली में हुई दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में लोहारडीह की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तेंदूकोना

आदर्श ग्राम सराईपाली में विगत 34 वर्षों से लगातार कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी दो दिवसीय 14 व 15 सितंबर को पितृ नवमी के पर्व पर ग्रामवासियों द्वारा प्रो कबड्डी के तर्ज पर युवा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छग सहित अन्य प्रांत के भी कबड्डी खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में दूरदराज के कुल 56 टीमों ने भाग लिया। लगातार 30 घंटे तक चली इस कबड्डी प्रतियोगिता को देखने क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ओमप्रकाश चौधरी (सांसद प्रतिनिधि), पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, दुबेलाल साहू किसान मोर्चा, पिलेश्वर पटेल प्रा. अध्यक्ष सहकारी समिति सम्हर, ग्राम सरपंच भूमिका विनय साहू, कलमीदादर सरपंच कैलाश साहू, जनपद सदस्य धनंजय साहू, चमन ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बिराजपाली, कोमल दीवान प्रबंधक सम्हर, पूर्व सरपंच मोंगरापाली गौरी ठाकुर, भालेश साहू, विनय साहू, सतीश अग्रवाल, नैनसिंग दीवान, अमित अग्रवाल, राजेश बगानी, ग्राम प्रमुख



गजानंद ठाकुर, खामसिंग, मंशाराम, श्यामलाल, कैलाश आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना कर छायाचित्र समक्ष श्रीफल व दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभांरभ किया गया। पष्चात शो मैच के लिए गांव के ही कबड्डी टीम के बीच भिड़त हुई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला लोहारडीह व सरेकेल के बीच जबरदस्त रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें लोहारडीह की टीम ने बाजी मारी। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों को पितृ नवमी की बधाई देते हुए कहा कि जीवन में उतार-चढाव आता रहता है, उसी तरह खेल में भी हार-जीत होती रहती है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बलीराम बरिहा, उपाध्यक्ष रामप्रसाद ध्रुव, कोषाध्यक्ष ज्ञानसिंह ठाकुर, सचिव बिहारीलाल देवांगन, सह सचिव विजय कुमार ठाकुर, संयोजक टीकम सिंह ध्रुवंशी, संरक्षक कुशल ठाकुर, सलाहकार घनाराम ध्रुव सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

#### ये टीमें रही विजयी

प्रथम पुरस्कार लोहारडीह को 10001 रुपए, द्वितीय सरेकेल को 7001, तृतीय तमोरा को 5001 एवं चतुर्थ पुरस्कार ठकुरीपाली को 3001 रुपए के साथ सभी विजयी टीम को क्रमशः 9 नग टी शर्ट व आकर्षक ट्राफी देकर सम्मान किया गया। इसी तरह बेस्ट रेडर उदय लोहारडीह, बेस्ट केचर प्रदीप सरेकेल व बेस्ट ब्लाकर का खिताब तोषण लोहारडीह को मिला।

## योजना : जिलेवासियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाने की अपील

# कलेक्टर ने ध्वज लहराकर रवाना किया सूर्य रथ, करेंगे प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत लोगों को घर में ही बिजली उत्पादन कर मुफ्त बिजली का लाभ दिलाने की पहल की कड़ी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टर परिसर से सूर्य रथ जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता वर्मा सहित सरायपाली, पिथौरा के कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को योजना का गंभीरता से क्रियान्वयन करने और अधिक से



अधिक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत घर में रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर उपभोक्ता स्वयं बिजली उत्पादन कर सकते हैं और मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर उपभोक्ताओं से संपर्क करने, विशेष कैम्प आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और लोगों को आवेदन कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। महासमुंद जिले में वर्तमान में 583 उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले रहे हैं। योजना अंतर्गत 3-5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जागरुकता रथ के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में ऑडियो संदेश, पोस्टर, बैनर और फ्लैक्स के जरिए लोगों को जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर लंगेह ने जिले वासियों से अपील की कि वे अपने घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना का लाभ अवश्य लें।

## किसानों के हितों को लेकर गंभीरता से काम कर रही हैं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला



**सरायपाली।** राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के शासकीय खाद गोदाम जम्हारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध 780 पैकेट यूरिया खाद का भंडारण एवं वितरण व्यवस्था देखी और किसानों को समय पर तथा व्यवस्थित तरीके से खाद उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। सरला ने यह भी स्पष्ट किया कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण को लेकर गंभीर रहती हैं। यही संवेदनशीलता और सक्रियता उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाती है। किसानों से बातचीत के दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं और सुझावों को सरकार तक पहुंचाकर जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। औचक निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। किसानों ने सरला कोसरिया के इस पहल का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

# राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव ने की कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के नगर आगमन पर स्थानीय नेहरू चौक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी कर स्वागत किया। जिसके बाद विधायक यादव ने पुराने रेस्ट हाउस में नपा सभापतिगणों, पार्षदों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति गुलशन साहू, सभापति जय देवांगन, सभापति जितेंद्र ध्रुव, सभापति ईश्वरी भोई, पार्षद राहुल आवड़े, भरत ठाकुर, राजू साहू, कपिल साहू, लहरी ठाकुर, राजेंद्र साहू, सुनील चंद्रकर, मिंदर चावला, मेहुल सूचक, सन्नी महानंद, यादव समाज जिला अध्यक्ष जीवन यादव, यादव समाज के नगर अध्यक्ष प्रकाश यादव, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, दिनेश बंजारे, शाहबाज रजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, सितेश साहू, होरीलाल साहू, आयुष भोसले, प्रतीक चंद्राकर, सम्मी खान, कुणाल सेन आदि उपस्थित रहे।

# छग प्रदेश गाड़ा समाज के अध्यक्ष बने दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली (ग्रामीण)

छग प्रदेश गाड़ा समाज विखं सरायपाली के समाजिक पदों का निर्वाचन शांति पूर्ण हुआ। जिसमें मनोनयन की स्थिति न बन पाने के कारण तीनों पदों के लिए निर्वाचन पक्रिया को अपनाना पड़ा। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीद्वार नामांकन दाखिल किये गये थे। मतदान पश्चात गणना में कुल 44 मतों में से क्रमशः दयानंद तांडी को 19 मत, प्रेमलाल चौहान को 17 और रूपलाल नंद को 6 मत प्राप्त हुए। 2 मत खारिज हुआ। सचिव पद के लिए भी तीन नामाकन दाखिल हुआ। उद्धव नंद को 10 मत, दामोदर चौहान को 15 एवं नरहरि कुम्हार को 16 मत मिले। 3 मत खारिज हुए। कोषाध्यक्ष के लिए दो नामांकन दाखिल हुआ। कलपराम चौहान को 26 मत और सनतराम चौहान को 15 मत प्राप्त हुए। 2 मत खारिज हुए। और इस प्रकार क्रमशः दयानंद तांडी को अध्यक्ष, नरहरि कुम्हार को सचिव और कलपराम चौहान को कोषाध्यक्ष के लिए विजयी घोषित किया गया। सरायपाली विख में कुल 14 परिक्षेत्र है। सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष,



सचिव, कोषाध्यक्ष मतदाता के रूप में उपस्थित हुए, जिन्होंने बिना किसी दबाव व निर्विघ्न मतदान किए। निर्वाचन प्रांतीय अध्यक्ष रामलाल चौहान के सानिध्य में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष चम्पत चौहान के निरक्षण में हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहन कुलरीप (कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ), पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र तांडी (अध्यक्ष पिथौरा), सह निर्वाचन कर्मचारी बृजलाल चौहान, सोमनाथ चौहान व सहयोगी कर्मचारी संतलाल चौहान, रमेश चौहान, हरिहर चौहान ने निष्पक्ष मतदान कराया। इस निर्वाचन को सफल बनाने के लिए गौतम चौहान (अध्यक्ष बसना), नंदकुमार चौहान (अध्यक्ष बसना), उदेराम चौहान (नव निर्वाचित अध्यक्ष बसना), देवप्रसाद चौहान (सचिव परिक्षेत्र चिमरकेल बसना), रामेश्वर चौहान, बसना सरायपाली से पिंगल गार्डिया, विष्णु तांडी, दयासागर तांडी, सुरेश नाग, राजकुमार चौहान, टीकाराम चौहान, बालकराम चौहान, डोलामणी बाघ, पुष्पलता चौहान, दीपांजली चौहान, सुरेश कुम्हार मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग का स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान आज से

**महासमुंद।** जिले की पांचों विकासखंडों में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। जिसमें महिलाओं के शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए कार्य योजना के अनुसार प्रतिदिन शिविर का आयोजन होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव व डीपीएम नीलू घृतलहरे ने बताया कि अभियान के तहत 17 सितंबर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का प्रारंभ, 18 सितंबर नारी आरोग्य उत्सव, 19 सितंबर स्वस्थ किशोरी सशक्त भविष्य, 20 सितंबर वूमैन वैलनेस वॉक डे, 21 सितंबर मेरा स्वास्थ्य मेरी शक्ति, 22 सितंबर पीएम जनमन, 23 सितंबर स्वास्थ्य सम्मेलन दिवस, 24, 25 व 26 सितंबर छत्तीसगढ़ की महतारी हम सब की जिम्मेदारी, 27 सितंबर नारी /अन्नपूर्णा पोषण दिवस, 28 सितंबर स्वास्थ्य पर्व, 29 सितंबर रक्तदान दिवस, 30 सितंबर स्वास्थ्य संजीवनी कैंप एवं 1 अक्टूबर उत्सव भी स्वास्थ्य भी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने, स्वास्थ्य जांच, योगा, बच्चों की सर्जरी, दुर्गा मंदिर में नवरात्रि में महिलाओं की जांच हेतु स्वास्थ्य टीम की तैनाती की जाएगी।




## महाविद्यालयीन कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर उसकी पत्नी को दी नौकरी

**महासमुंद।** महाविद्यालयीन कर्मचारी रवि ओगरे का बीते दिनों निधन हो गया। जिससे परिवार में उत्पन्न हुई रोजी-रोटी की समस्या से अवगत होने पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जनभागीदारी समिति की बैठक के दौरान ही रवि ओगरे की पत्नी को बुलवाकर उसे महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के मद से नौकरी देने की घोषणा की। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा स्व. रवि की पत्नी को स्वच्छक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान की गई।




## महाविद्यालय कोमाखान में मनाया हिंदी दिवस

**बोइरगांव (कोमाखान)।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम झा ने विद्यार्थियों को दिए सम्बोधन में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और अच्छी हिंदी सीखने का आह्वान किया। पश्चात विद्यर्थियों को चार समूहों में बांटकर हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन भारती साहू (अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी) ने किया। इसके बाद इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने हिंदी में स्वरचित लेख पढ़े। कार्यक्रम के अंत में हिंदी के सहायक प्राध्यापक पीयूष कुमार ने हिंदी दिवस की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए हिंदी क्षेत्र की लोक बोलियों के शब्दों का सार्थक उपयोग करते हुए हिंदी को समृद्ध करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन मन्नूलाल कुर्रे (अतिथि व्याख्याता, राजनीति विज्ञान) ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याता लता पटेल, डॉ. टिकेंद्र साहू, हेमा वर्मा, मोनिका वर्मा, धात्री चक्रधारी और अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# प्राकृतिक संसाधनों को बचाने आदिवासी समाज का प्रमुख योगदान: नपाध्यक्ष निखिलकांत

**महासमुंद।** अखिल भारतीय गोंड समाज सर्कल बाघामुड़ा द्वारा बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम छिबर्रा (सुअरमाल) में बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ आदिवासी नेत्री बसंता ठाकुर, रत्नेश साहू भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नपाध्यक्ष साहू ने आदिवासी समाज के देवताओं की पूजा कर समाज व प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। समाज द्वारा परंपरानुसार



आदिवासी साफा अतिथि स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि आदिवासी परंपरा व संस्कृति छत्तीसगढ़ के गौरव शाली इतिहास का हिस्सा है। और ऐसे महान संस्कृति को जानने का अवसर आज मुझे आप सब के बीच आकर मिला है। आदिवासी समाज प्रकृति प्रेमी व जल, जंगल, जमीन के रक्षक होते हैं तथा प्राचीन समय से ही संस्कृति एवं प्रकृति के रक्षक रहे हैं। आदिवासी समुदाय की प्राचीनतम परंपरा, संस्कृति और जीवन मूल्य को सहेजने की आज आवश्यकता है। प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्कल अध्यक्ष अरुण ठाकुर, उपाध्यक्ष खेमलाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर, सचिव रोहित कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## विधायक देवेंद्र का नगर आगमन पर यादव महासभा एवं रापिव संघ ने किया स्वागत

**सरायपाली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का सरायपाली आगमन हुआ। अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान कुछ देर के लिए नगर के प्रवेश द्वार घंटेश्वरी मंदिर के पास रुके। वहां पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ, पवन यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभा यादव महासभा, राजेन्द्र कुमार यादव राजू जिला महामंत्री कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, तुषार यादव, मयंक यादव मोंटी, कोमल यादव, अम्बर यादव, भूषण यादव, राहुल यादव, भूपेश यादव आदि भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक एकता का है प्रतीक

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में 15 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष हिंदी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में अपनाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है, जब संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा प्रदान किया था। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन कर हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण के संकल्प को मजबूत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शील भद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया। साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गईं। विशेष रूप से हिंदी हमारी पहचान, हमारी शक्ति विषय पर हिंदी के सहायक अध्यापक ओंकार प्रसाद साहू ने अपना व्याख्यान दिया। हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने छात्राओं को हिंदी के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति को समृद्ध करने एवं इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। यह आयोजन महाविद्यालय की हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. सरस्वती वर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक हुआ। उन्होंने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक दिन मनाने की का दिवस नहीं है, हम इसे दैनिक जीवन में अपने पठन और पाठन में अधिक से अधिक प्रयोग करें, जिससे हिंदी में शुद्धता आए। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्राओं, शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया तथा आगामी वर्षों में ऐसे आयोजनों को और अधिक व्यापक बनाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर श्वेतलाना नागल उपस्थित थे। छात्राओं में दीवयानी सोनवानी, नीतू, पायल, हर्षिता, अदिति, मेघा, डाजेश्वरी, खिलेश्वरी, उर्वशी, ऐश्वर्या, मोनिका, जागृति, काजल, अनिता, डॉली, सरिता, मनीषा, प्रमिला, मुस्कान, यशोमती, यशोदा, निशा, कंचन, हीना, मधु आदि मौजूद रहीं।

### चर्चा : स्वच्छता ही सेवा पर्व अंतर्गत होंगे विविध कार्यक्रम, तैयारियों की समीक्षा की

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर लंगेह ने राज्य शासन द्वारा निर्धारित 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। स्वच्छता ही सेवा पर्व अंतर्गत सभी विभागों द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सेवा पर्व अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान, विशाल रक्तदान शिविर, राष्ट्रीय पोषण माह शुभारंभ, सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा स्वच्छता शपथ, स्वच्छता जागरूकता, ग्रीन स्कूल ड्राईव दिवस, स्वच्छता लक्ष्य इकाईयों का परिवर्तन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जाएगी। समाज कल्याण विभाग द्वारा यूडीएआई शिविर, कृत्रिम उपकरण वितरण, महिला बाल विकास द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर, नगरपालिका स्वच्छता ही सेवा, आंगिकार अभियान, मानव श्रृंखला, जनसंपर्क विभाग द्वारा सेवा पर्व पखवाड़ा अंतर्गत विकसित भारत के थीम पर छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वन विभाग द्वारा पौध वितरण एवं स्थानीय बैगा के साथ विमर्श किया जाएगा। महाविद्यालय द्वारा मैराथन दौड़, खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रबुद्धजनों का सम्मेलन किया जाएगा।

इसके अलावा आदिकर्मयोगी अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल, एनीमिया जांच एवं सलाह, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। वन एवं पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत विभाग द्वारा ग्राम के सभी शासकीय परिसर एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। खाद्य,



सहकारिता एवं पंचायत विभाग द्वारा राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस, पेंशन, मनरेगा, जाब कार्ड पंजीयन एवं वितरण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला स्व सहायता समूहों के उत्पादों के उत्पादों की बिक्री एवं वित्तीय सलाह दी जाएगी, साथ ही कौशल विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राजस्व विभाग आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन एवं अन्य राजस्व मामलों के लिए आवेदन जैसे नामांतरण, बंटवारा आदि का निराकरण किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा शिविर के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीण जनों को उपयोगी पौधों का वितरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण एवं मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजना अनुसार शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, बालिका शिक्षा के लिए माता-पिता को परामर्श, रोल मॉडल कहानियां एवं पुस्तक वाचन एवं इसकी महत्ता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही महिला एवं बाल विकास एवं शिक्षा विभाग द्वारा गुड टच बैड टच जागरूकता, घरेलू हिंसा, बाल विवाह पर कानूनी सलाह, किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन एवं पोषण किट वितरण किया जाएगा।

लीड बैंक एवं जिला इ गवर्नेंस सोसायटी एवं सहकारी बैंक द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेट, जनधन खाता पंजीयन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा के लिए पंजीयन व मुद्रा लोन के संबंध में जानकारी दी जाएगी। अंतिम दिन 02 अक्टूबर को समस्त विभाग द्वारा आदि शपथ समारोह, स्वच्छता अभियान, जल स्त्रोतों की सफाई एवं जनभागीदारी से सोख्ता निर्माण का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभागों को उक्त निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कार्यक्रम आयोजन करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है। बैठक में उन्होंने आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिला स्तर पर एवं सभी विकासखंडों में शांति समिति की बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ला एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा में डिजिटल क्राप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं मैन्युअल गिरदावरी के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। किसान पंजीयन के लिए शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि आदि सहयोगियों एवं साथियों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे सहयोगियों का चुनाव करें जो ग्रामीण समस्याओं को जानते हैं एवं लोगों के साथ जिनका जुड़ाव हो। उन्होंने प्रशिक्षण के सभी स्तरों को पूर्ण करते हुए ग्राम एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। आदि सेवा पर्व पखवाड़ा अंतर्गत दीवार लेखन के भी निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल संबंधी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शेष आवासों को पूर्ण करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवास का कार्य प्रतिदिन प्रगतिरत रहें। कलेक्टर ने जनमन की समीक्षा में पूर्ण सिच्युएशन के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। महासमुंद जिले में 46,680 आवास स्वीकृति प्राप्त है, जिसमें से 23,392 आवास पूर्ण हो चुके है, दूसरा किस्त प्राप्त आवास 21,069 में से 13,143 आवास पूर्ण कर चुके है, शेष 7926 आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी के लिए शीघ्र आगे कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# विश्वकर्मा जयंती पर अलका नाइट आर्केस्ट्रा आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

भगवान विश्वकर्मा जयंती पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पिथौरा ऑटो पॉर्ट्स व मैकेनिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका एवं सुपर स्टार अलका चंद्राकर अपने आर्केस्ट्रा दल के साथ सुरमयी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम बुधवार 17 सितंबर की शाम 7 बजे से शहीद भगत सिंह खेल मैदान, पिथौरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा करेंगे। नगर पंचायत पिथौरा अध्यक्ष देवेश निषाद, युवा नेता सुमित अग्रवाल तथा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोपाल शर्मा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

ऑटो पॉर्ट्स संघ के अध्यक्ष राजेश एरन ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर खेल मैदान में भगवान विश्वकर्मा की विशाल मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना व महाआरती संपन्न होगी। इसके पश्चात अलका चंद्राकर नाइट का शुभारंभ होगा। वहीं मैकेनिक संघ अध्यक्ष मुन्ना ताज ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आकर्षक आतिशबाजी भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंस सलूजा, शैलेश शैलू अग्रवाल, नरेश एरन, मुकेश पटेल, रोहित देवांगन, रामचंद्र शर्मा, हरजिंदर सिंह पप्पू, बंटी छत्तीसगढ़िया, लखन देवांगन, प्रदीप अग्रवाल, राजकुमार उपाध्याय, तरुण टक्कू बाघ, राजेश चौधरी, कुमार अंकल, सुरेश देवांगन, नरेंद्र साहू, शैंकी आजमानी, सुरेश अग्रवाल, डोलामनी सहित समिति के सदस्य व पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### युकां के राष्ट्रीय सचिव का स्वागत



**महासमुंद।** युवा कांग्रेस द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित पठानिया के रायगढ़ प्रवास के दौरान हर्षित चंद्राकर के नदी मोड़ में भव्य स्वागत किया गया।

# बागबाहरा में 124 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

आ.ल.गो. कन्या उमावि बागबाहरा में मंगलवार को छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वकांक्षी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा नवमीं में नवप्रवेशी अध्ययनरत 124 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य खिलेश्वरी बघेल अध्यक्ष नगर पालिका, ताम्रध्वज बघेल, लालचंद जैन सचिव बागबाहरा शिक्षा समिति, एसके साहू (प्राचार्य) पउमाशा, केके शर्मा (प्राचार्य), केएन एसआईटीआई, विद्यालय के प्राचार्य बीएल साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना और छात्राओं के वंदना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, व पुष्प माला, पुष्प गुच्छ से किया गया। मुख्य अतथि खिलेश्वरी बघेल ने छात्रों को शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज बेटियां शिक्षा के माध्यम से हर मुकाम को प्राप्त कर रही हैं। सरस्वती सायकल योजना अध्यनरत छात्राओं के जीवन में एक नई रोशनी भर दी है, जो उन्हें शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। बेटियां आज देश के सभी स्थानों में अपना परचम लहरा रही हैं। छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। आज की नितांत आवश्यकता है शिक्षा। शिक्षा के बिना सब बेकार है। आज की स्थिति में बालिकाएं आगे हो रही है। छात्र अब पिछड़ रहे हैं। इसके लिए पालकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में समय की बचत होती है और उन्हें अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। छात्रों की मांग पर नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ने सायकल स्टैंड निर्माण के लिए दो लाख एवं सभाकक्ष (हॉल) निर्माण के लिए पांच लाख प्रदान करने की घोषणा की।




# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ आध्यात्मिक कार्यक्रम



**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय कुमार लहरे (जिला शिक्षा अधिकारी), विशिष्ट अतिथि अनसुईया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी महाविद्यालय, करूणा दुबे प्राचार्य शामवम, बीके चंद्रकला राजयोग शिक्षिका रायपुर रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं प्रभु स्मृति में स्थित होकर किया। इससे पहले ब्रम्हाकुमारी बहनों ने पुष्प गुलदस्ते और तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि लहरे ने कहा कि हमें एक आदर्श शिक्षक बनना पड़ेगा, जो नैतिकता और मूल्यों के बगैर सम्भव नहीं। राज्य विकास स्कूल में होता है सांसद में नहीं, शिक्षक का काम कार्य को विद्या में प्रसारित करने का है और राष्ट्र को निर्माण करने की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। श्रेष्ठ नागरिक बनाने में शिक्षक का योगदान है और यह कार्य बहुत निष्ठा पूर्ण तरिके से करना चाहिए। अनसुइया ने कहा कि आदिकाल में गुरूकुल की प्रथा थी। गुरु ने जो कहा वह शिक्षक मानता था, पर अभी समय थोड़ा विपरीत चल रहा है। छोटा बच्चा माता के बाद सीधे स्कूल जाता और वहां जो भी विद्या ग्रहण करता गुरु से ही करता। इसलिए शिक्षक का योगदान आज भी आदिकाल की तरह ही है, जो शिक्षक बहुत अच्छे से निभा रहे हैं और प्रयास कर रहे हैं। करूणा दुबे ने कहा किसी भी बच्चे की प्रथम गुरु उसकी मां होती है, इसलिए मां को भी संस्कारी होना अति आवश्यक है और उसी से पारिवारिक और सामाजिक वातावरण का निर्माण होता है। शिक्षा का उद्देश्य चरित्र और नैतिक मूल्यो का निर्माण तो जरुरी है। साथ ही आध्यात्मिक बनना भी वर्तमान समाज में अत्यंत जरूरी है। शिक्षिका चंद्रकला ने बहुत ही सुंदर शब्दों में कहा कि शिक्षक को एक कुम्हार की तरह होना चाहिए, कच्ची मिट्टी के समान अपने विद्यार्थी को सहयोग और सहारा देकर सुंदर आकृति बनाने में अच्छा इंसान अच्छा भविष्य बनाने में मददगार बनें, कैसे देखना है, कैसे बोलना है, क्या सुनना है। यह ज्ञान शिक्षक ही बताता है। गुरु गोविंद देव बताए शिक्षक का स्थान बहुत ऊंचा है, शिक्षक बहुत सम्मान के योग्य है। शिक्षक के मार्गदर्शन से ही शिष्य भविष्य में डाक्टर इंजीनियर साइंटिस्ट बनकर देश का नाम रौशन करता है। अंत में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने आभार व्यक्त किया और कहा कि इस आध्यात्मिक संस्थान में सहज राजयोग की शिक्षा मिलती है जिसमें हमें स्व का ज्ञान प्राप्त होता है। अपने आंतरिक शक्तियों की पहचान होती है। परम शिक्षक का ज्ञान हासिल होता है, जिससे सृष्टि के आदि मध्य अंत का नालेज प्राप्त होता है। सभी अतिथियों को प्रसाद ईश्वरीय सौगात भेंट किया और निःशुल्क राजयोग की शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी।

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज सावित्रीपुर अठगंवा का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



### घासीराम मिरी अध्यक्ष व धनुर्जय बंजारे बने सचिव

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज विकासखंड पिथौरा अंतर्गत सावित्रीपुर अठगंवा कमेटी का गठन प्रदेश प्रवक्ता राजमहंत पीएल कोसरिया के मुख्य आतिथ्य व जिला अध्यक्ष विजय बंजारे तथा जिला सचिव रेखराज बघेल के विशेष अतिथि एवं ब्लाक अध्यक्ष तरुवर कोसरिया के नेतृत्व में गठन मनोनयन किया गया। सर्वसम्मति से अठगंवा कमेटी के संरक्षक आजू राम अनंत, अध्यक्ष घासी राम मिरी, उपाध्यक्ष के तीन पद पर दया राम जांगड़े, बसंत कुर्रे, जगजीवन रात्रे, सचिव धनुर्जय बंजारे, सहसचिव, अशोक कुमार कुर्रे, कोषाध्यक्ष उदे राम रात्रे, कार्यकारिणी सदस्य लखेश्वर जांगड़े, धरम दास रात्रे, कुंभ राम खूंटे, राम लाल खूंटे, दशरथ कोसरिया, लाला निराला, छतराम अनंत, सोमनाथ रात्रे, परमानंद कोसरिया, नरेंद्र अनंत, संजय मिरी, रतिदास ओगरे, घसिया राम ओगरे, गोविंद भारती, शुकलाल कोसरिया, डहरू ओगरे को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार समाज में सतनाम संस्कृति के प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोपाल सत्यवंशी, सचिव अमर दास राय, प्रचारक सफेद रात्रे सदस्य खमेशवर रात्रे, हीरालाल ओगरे, ऋतु राम जांगड़े, संत राम महिलाने, रघुनाथ जांगड़े। कार्यक्रम में सेत राम खूंटे ब्लाक उपाध्यक्ष, घासीराम मिरी ब्लाक उपाध्यक्ष, राजेंद्र मार्कंडेय ब्लाक सचिव, मुकेश कुमार मधुकर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सहदेव घृतलहरे अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, तिलक राम रत्नाकर वरिष्ठ समाजसेवी, सपोस अठगंवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष धरम सिंह बर्मन, तरेकेला अठगंवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष राजाराम भारती, सावित्रीपुर अठगंवा के अध्यक्ष आजू राम अनंत, गढबेढाअठगंवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रामप्यारा मधुकर, शिक्षा प्रकोष्ठ सचिव नीलि राम धिरही, धनुर्जय बंजारे, लक्ष्मण भारद्वाज, दयाराम जांगड़े, रूपधर, संजय मिरी, संत गोपाल सत्यवंशी, संत अमर दास, छतराम अनंत, लाला निराला, छबि लाल कोसरिया, गनपत कोसरिया सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लाफिनकला में आज धूमधाम से मनाई जाएगी विश्वकर्मा जयंती

### बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनकला 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महामाया चौक में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। संस्कृति संरक्षण के उद्देश्य से आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक डांस, गायन एवं अभिनय प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया है। ग्रुप में प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा एकल में भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को आयोजन समिति की ओर से नगद राशि व उपहार देकर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना राशि भी प्रदान किए जाएंगे। समिति के सदस्य कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी में जुटे हुए है।






# 17 दावेदारों ने ब्लॉक अध्यक्ष बनने ठोंकी ताल, कोमाखान में कांग्रेस का बड़ा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

कांग्रेस पार्टी में इन दिनों संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरे जोरों पर चल रही है। पार्टी ने ब्लॉक स्तर पर भी चुनाव को पूरी तरह लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न कराने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में महासमुंद जिले के कोमाखान में कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं का उत्साह और जोश देखने लायक था।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन तथा खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर संगठन की मजबूती और पार्टी के भविष्य को लेकर मार्गदर्शन दिया। बैठक का मुख्य केंद्र रहा कोमाखान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद का चुनाव, जिसके लिए कुल 17 नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की।

दावेदारों में आशीष दीवान, गोलू जैन, ओंकार ठाकुर, पारस सांखला, राजेंद्र शर्मा, मनोहर ठाकुर, नवनीत नाग, राजू जैन, शिव उपाध्याय, तूफान दीवान, वाजिद खान, भुवन साहू, खेमराज सिन्हा, कोमल साहू, डिगेश्वर देवांगन, प्रीतम साहू और गिरवर साहू का नाम प्रमुखता से शामिल है। पर्यवेक्षक नंदलाल देवांगन ने बैठक के बाद कहा कि सभी दावेदारों के आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं। पार्टी हाईकमान द्वारा तय किए गए मापदंडों के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और हर उम्मीदवार को निष्पक्ष अवसर दिया जाएगा।

## कोमाखान में हुई कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक, कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश दिखा

### योग्य को सौंपी जाएगी कमान

वहीं विधायक द्वारकाधीश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहरा विश्वास करती है। यही कारण है कि संगठन में हर इच्छुक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने और जिम्मेदारी लेने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी दावेदारों के नामों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और योग्य उम्मीदवार को कमान सौंपी जाएगी। अब राजनीतिक हलकों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कोमाखान ब्लॉक कांग्रेस की कमान 17 दावेदारों में से किसके हाथों में सौंपी जाएगी।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, संतोष पटेल, बसंता ठाकुर, अनुकी सेन, एसआर पात्रे, मुबारक खान, कान्ति लाल तिवारी, नवल गायकवाड़, किशोर चतुर्वेदी, इवन लाल कुर्रे, राजेश त्रिपाठी, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, डमेश्वर सिंह ठाकुर, लीला राम पटेल, खेमराज जैन, प्रीतम साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, उमाराम साहू, शिवचरण कुर्रे, देव सिंग रात्रे, गणेश शर्मा, कमलनारायण, चंद्राकर, भूपेंद्र देवांगन, शशांक श्रीवास, प्रदीप, मिनेश्वर, लिलेश्वर, रेशम साहू, मानसिंह ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, रामनारायण आशीष दीवान, डिगेश्वर देवांगन, सविता ठाकुर, उत्तम राणा, समीर खान सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बालिका सुरक्षा पर हुई स्पर्धा, साक्षी ध्रुव प्रथम

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका विषय "वर्तमान परिदृश्य में बालिका सुरक्षा" रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिनमें से साक्षी ध्रुव ने प्रथम, सुश्रिया कुर्रे ने द्वितीय तथा डाली चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जागेश्वरी सोनवानी परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन, पूजा धनगर परामर्शदाता चाइल्ड हेल्पलाइन, ममता मरकाम ओआरडब्लू बाल संरक्षण इकाई तथा महेंद्र साहू ओआर डब्ल्यू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन तुलसी राम साहू ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन, हेमंत खुंटे, पूजा साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, अनिता साहू, नोबल ध्रुव, खेमलता कंवर, दुर्गेश नंदिनी यदु सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण व शहरी युवाओं को मिलेगा अवसर

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के लिए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करना है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एमएल साहू ने बताया कि योजना के तहत निर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रुपए तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक का अनुदान भी दिया जाएगा।

### देवरी स्कूल में स्वच्छता के लिए दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत समस्त छात्र-छात्राओं और स्टॉफ को स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने अपने आप को, अपने विद्यालय को अपने गाँव को अपने देश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। और बताया कि अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से स्वच्छता अपना कर अपने आप को स्वस्थ रख सकते है। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, रवि प्रकाश पात्रे, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, बीएल टंडन, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, पुष्कर भारती, कार्तिक यादव मौजूद रहे।

## कार्यक्रम : छिबर्रा में बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का आयोजन

# बेटा जौतिया संतान के प्रति अपार ममता और आस्था का जीवंत उदाहरण : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने की शिरकत

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाघामुड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम छिबर्रा में आदिवासी समाज के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक जीवन का प्रतिनिधित्व करने वाला बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हरीडार पूजा बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण ठाकुर ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंता ठाकुर उपस्थित रहीं।

आदिवासी समाज का यह पर्व विशेष रूप से माताओं द्वारा अपनी संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर महिलाएं व्रत रखती हैं और चिल्हरीडार सहित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करती हैं। समाज की मान्यता है कि इस पर्व के माध्यम से संतान को जीवनभर सुख, समृद्धि और सुरक्षा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। छिबर्रा में आयोजित इस महापर्व की शुरुआत भी परंपरानुसार पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ की गई, जिसमें समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। तत्पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक द्वारकाधीश यादव ने आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं, गौरवशाली इतिहास और समाज के निरंतर योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटा जौतिया महापर्व मातृ शक्ति की संतान के प्रति अपार ममता और आस्था का जीवंत उदाहरण है।

### आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास

विधायक यादव ने इस अवसर पर आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए बलिदानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में समाज के वीर सपूतों ने राष्ट्र की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधायक यादव ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति और उत्थान के लिए शिक्षा सबसे बड़ी कुंजी है। शिक्षा से ही समाज अपनी परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए आधुनिकता के साथ कदम से कदम मिला सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को जीवन का मूल मंत्र बनाएं, क्योंकि शिक्षित समाज ही आत्मनिर्भर और समृद्ध समाज का निर्माण करता है।

### सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश

छिबर्रा में आयोजित यह महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश भी देता नजर आया। बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और बच्चे इस उत्सव में सम्मिलित हुए और सामूहिक रूप से अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र मांझी, यशवंत सोरी, मोहर ठाकुर, ललित बया, खेमराज ठाकुर, अमर साय ठाकुर, पद्दुम मांझी, कोमल सोम, माखन ठाकुर, केशव ठाकुर, रेवती ठाकुर, जामिन ठाकुर सहित आदिवासी समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए पदाधिकारी तथा प्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

# नगर में तीन दिवसीय कथा का आयोजन 20 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जगतगुरु नरेंद्र महाराज के सानिध्य में सर्व सनातनी समाज महासमुंद और रामानंद संप्रदाय भक्त शिव मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा तीन दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाना है। इस विषय को लेकर 15 सितंबर को स्वाध्याय केंद्र में बैठक हुई। बता दें कि यह कथा 20 सितंबर से 22 सितंबर 2025 तक श्रीराम मंदिर प्रांगण गांधी चौक में आयोजित की जाएगी।

बैठक में मंचासीन प्रमुख रूप से सच्चिदानंद उपासने सदस्य जगद्गुरु नरेंद्र महाराज संस्थान व प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छत्तीसगढ़, घनश्याम माहेश्वरी पीठ प्रमुख उपपीठ छत्तीसगढ़ जगद्गुरु नरेंद्र महाराज संस्थान, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, महेंद्र जैन पूर्व पार्षद, मुन्ना साहू वरिष्ठ भाजपा नेता रहे।



ज्ञात हो कि इस कथा के प्रथम दिवस में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लगभग 300 महिलाएं शामिल होंगी। तत्पश्चात चरण पादुका एवं ग्रंथ स्थापना की जाएगी। कथा अमृत रसपान, दिव्य रासलीला के पश्चात आरती की जाएगी। द्वितीय दिवस में चरण पादुका एवं ग्रंथ पूजन कथा अमृत रसपान, दिव्य रासलीला आरती तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार तृतीय कथा दिवस में तीर्थ क्षेत्र नाणीजधाम दर्शन, उपासना विधि मार्गदर्शन, भगवान द्वारा उपासना विधि उपदेश, उपासना यज्ञ, भगवान द्वारा उपासना विधि संस्कार, कथा अमृत रसपान, दिव्य रासलीला आरती के पश्चात कथा समापन कर महाप्रसादी वितरण किया जाना है।

बैठक को संबोधित करते हुए घनश्याम माहेश्वरी ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य, जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ नाणिजधाम के पीठाधीश्वर हैं। जगद्गुरु नरेंद्र महाराज संस्थान द्वारा महासमुंद में 20, 21 और 22 सितंबर को कथा का आयोजन किया जाएगा। बैठक प्रमुख सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि वैदिक सनातन धर्म की धर्मध्वजा जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य के प्रेरणा से तीन दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाना है। 20 सितंबर को होने वाली भव्य कलश यात्रा बरोंडा चौक, गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, नेहरू चौक होते हुए राम मंदिर प्रांगण, मानस भवन पहुंचेगी, जिसकी तैयारी जोरों शोरों से चल रही है।

बैठक में प्रमुख रूप से पवन पटेल पूर्व अध्यक्ष नपा, भाजपा नेता पप्पू ठाकुर, पार्षद पीयूष साहू, अभिषेक पांडे, सुरेंद्र महाराज, सुरेंद्र ठेठवार, बद्री नारायण माहेश्वरी, प्रमोद तिवारी, अश्वनी तिवारी, इंद्र कुमार चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, सुधीर पवार, हर्षू भोसले, वैभव तोमर, मोहिनी शर्मा, सीता यादव, कुमारी यादव, सोनिया साहू, रूपा साहू, बिंदु तारक, मंजुला विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सावित्रीपुर में गूंजी स्वच्छता की शपथ



**सांकरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य पी सिदार द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की संस्कृति है। स्वच्छ व्यक्ति ही स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकता है। पश्चात सभी उपस्थितों ने एक साथ खड़े होकर स्वच्छता शपथ ली कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने घर, विद्यालय एवं आसपास को स्वच्छ रखेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सफाई नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है। जब विद्यार्थी छोटी उम्र से ही स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बना लेंगे, तब वे समाज में आदर्श नागरिक के रूप में आगे आएंगे। सावित्रीपुर विद्यालय का यह सामूहिक शपथ कार्यक्रम निश्चित ही बच्चों और अभिभावकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक स्वर में स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत और स्वच्छ विद्यालय-सुंदर विद्यालय जैसे नारे लगाए, जिससे पूरे परिसर में स्वच्छता का संदेश गूंज उठा। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प भी लिया कि वे इस पखवाड़े में विविध गतिविधियों जैसे सफाई अभियान, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध लेखन के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी बच्चों को स्वच्छता का आदर्श प्रस्तुत करने का वचन दिया।

## कैबिनेट मंत्री खुशवंत से पिथौरा जनपद प्रतिनिधियों की सौजन्य भेंट



**सांकरा।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पुरूषोतम धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरूषोतम धृतलहरे, सभापति कवलजीत पम्मी छाबड़ा, सरपंच किशोरचंद बघेल ने सौजन्य भेंट की। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने क्षेत्र के उत्थान और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने आश्वस्त किया।

### शालेय योगासन प्रतियोगिता में भरत ने जीता गोल्ड मेडल

5वें राज्य स्तरीय शालेय योगासन प्रतियोगिता राजनांदगांव में 9 से 12 सितंबर को हुआ। अंडर 14, 17, 19 उम्र के बालक बालिकाओं में छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग से प्रतिभागी शामिल हुए। रायपुर संभाग के जिला महासमुंद से ग्राम गांजर के भरत पिता चंद्रप्रकाश साहू ने अंडर 17 में आर्टिस्टिक सिंगल और ट्रेडिशनल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता और महासमुंद जिले का नाम रोशन किया। भरत के कोच डॉ चमन लाल साहू ने बताया कि भरत इसे पहले भी इसी सत्र में छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन में खेल कर गोल्ड मेडल जीता है। साथ ही खल्लारी के योग मास्टर देवेंद्र ने बताया कि राष्ट्रीय योगासन शालेय प्रतियोगिता त्रिपुरा में होना है। भरत की इस जीत पर महासमुंद जिले के योगासन खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, गणेश कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, प्रभा साहू, तोरण यादव, रेखराज चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, पीलाराम बरिहा, महासमुंद योगासन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल आदि ने हर्ष जताया है।



### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग

**महासमुंद।** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की नियमित जांच के क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की जांच टीम द्वारा 08 सितंबर को सरायपाली एवं 12 सितंबर को बसना क्षेत्र के होटल एवं ढाबों में जांच के दौरान कुल 57 गैस सिलेंडर जब्त किया गया। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी सरायपाली हरीश सोनेश्वरी, खाद्य निरीक्षक सरायपाली अविनाश दुबे, खाद्य निरीक्षक बसना हेमंत वर्मा, खाद्य निरीक्षक पिथौरा दिव्यांशु देवागंन एवं खाद्य निरीक्षक बागबाहरा विवेक कुमार शामिल रहे। जांच दल द्वारा सरायपाली में जांच के दौरान पंडित होटल, झिलमिला में 02 नग खाली, 03 नग आंशिक भरा एवं 03 नग सील पैक भरा हुआ कुल 08 नग गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इसी प्रकार मंजीत ढाबा में 05 नग खाली, 04 नग आंशिक भरा एवं 03 नग सील पैक भरा हुआ कुल 12 नग गैस सिलेंडर, अमृत होटल में 02 नग खाली, 03 नग आंशिक भरा एवं 02 नग सील पैक भरा हुआ कुल 7 नग गैस सिलेंडर, शिवानी स्वीट्स में 05 नग खाली, 01 नग आंशिक भरा एवं 01 नग सील पैक भरा हुआ कुल 7 नग गैस सिलेंडर एवं बसना में जांच के दौरान बीकानेरी स्वीट्स में 02 नग सील पैक एवं 03 नग खाली कुल 05 नग गैस सिलेंडर, सत्कार फैमिली रेस्टोरेंट में 01 नग सील पैक एवं 03 नग आंशिक भरा कुल 04 नग गैस सिलेंडर, साहू होटल परसकोल में 03 नग खाली एवं 02 नग आंशिक भरा कुल 05 नग गैस सिलेंडर, यादव होटल गढ़फुझर में 04 नग खाली एवं 01 नग भरा कुल 05 नग गैस सिलेंडर एवं लक्ष्मी गौरी भठोरी में 01 नग सील पैक, 02 नग खाली एवं 01 नग आंशिक भरा कुल 04 नग गैस लिंडर को जप्त किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधितहोटल एवं ढाबा संचालकों द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 का उल्लंघन किया गया है। जब्त गैस सिलेंडरों का प्रकरण कलेक्टर न्यायालय महासमुंद में प्रस्तुत किया जा रहा है। खाद्य विभाग ने अपील की है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होटल एवं ढाबों की नियमित जांच जारी रहेगी।

### लखनपुर में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन

**झलप।** ग्राम पंचायत लखनपुर में राज मिस्त्री संघ एवं ग्राम वासियों द्वारा विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी, इस अवसर पर डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यायक योगेश्वर राजू सिन्हा और जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश पटेल, विशेष अतिथि ललिता अग्रवाल, शम्मी सलूजा, देवा नायक, सीटू सलूजा , लक्ष्मण पटेल, और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। डीजे डांस प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में प्रथम स्थान आने वाले को 15001, द्वितीय को 10001, तृतीय को 5001, युगल डांस में प्रथम को 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, और सिंगल डांस में प्रथम को 5001, द्वितीय को 4001, तृतीय को 3001 का पुरस्कार दिया जाएगा।

# हाईस्कूल कसेकेरा के 27 छात्रों को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान




शासकीय हाईस्कूल कसेकेरा में छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर रहे। अध्यक्षता कसेकेरा सरपंच राकेश साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, भजपा मंडल अध्यक्ष नितिन जैन रहे। अतिथियों ने कक्षा नवमी में अध्ययनरत 27 छात्राओं को घंटी बजाकर साइकिल की चाबी सौंपी।

इस अवसर प्राचार्य पवन चक्रधारी ने विद्यालय की उपलब्धियों जानकारी दी। पूजा साहू द्वारा व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। एसएमडीसी अध्यक्ष बिंदेश्वरी यादव ने बालिका शिक्षा पर किए जा रहे और हमारे कर्तव्य पर चर्चा की। सरपंच राकेश साहू ने छात्रों की आवश्यकता एवं पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। एवन साहू द्वारा छात्रों को लैपटाप आधारित शिक्षा शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

मुख्य अतिथि भीखम ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के के विचारों की प्रासंगिकता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प दुहराया। उन्होंने बालिका बढ़ेगी, विकास गढ़ेगी के साथ नारा दिया। बालक पढ़ेगा, विकास गढ़ेगा के साथ शिक्षकों एवं बच्चों ने मन लगाकर पढ़ने पढ़ाने के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आह्वान किया। नितिन जैन ने चरित्र निर्माण, आदर्श स्थापित करते हुए कसेकेरा की धरती में इतिहास बनाने का प्रेरणा देते हुए पढ़ाई में ध्यान देते हुए अच्छे अंक प्राप्त करने प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक डा. विजय शर्मा ने किया। संचालन नरेंद्र पटेल ने किया। कार्यक्रम में उपसरपंच बल्ला ठाकुर, तुलसी साहू, पुरुषोत्तम कुंजाम, मानिक साहू, संतराम यादव, चैतराम साहू, भरत पांडे, लोकू चंद्राकर, प्रेमिन दीवान, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, कोमन चंद्राकर, राहुल ध्रुव, मोनेश देवांगन आदि मौजूद रहे।




